**सुविचार**

हमें पता होना चाहिए कि भाग्य भी कमाया जाता है थोपा नहीं जा सकता। और ऐसी कोई कृपा नहीं है जो कमाई ना जा सके।

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 83 | पंचकूला। बुधवार, 29 अप्रैल 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## एक नजर

### हरियाणा में कर्मचारियों और पेंशनरों का महंगाई भत्ता बढ़ा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ा राहत भरा तोहफा देते हुए महंगाई भत्ता (डीए)-महंगाई राहत (डीआर) में बढ़ोतरी कर दी है। केंद्र सरकार की तर्ज पर यह बढ़ोतरी हुई है। राज्य के वित्त विभाग द्वारा मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार, अब डीए और डीआर की दर 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दी गई है। यह बढ़ोतरी एक जनवरी 2026 से लागू मानी जाएगी। हरियाणा सरकार के इस फैसले का लाभ सातवें वेतन आयोग के तहत वेतन और पेंशन प्राप्त कर रहे कर्मचारियों और पेंशनरों को मिलेगा। आदेश में बताया गया है कि बढ़ा हुआ डीए और डीआर मई 2026 के वेतन और पेंशन के साथ दिया जाएगा। इसके साथ ही जनवरी 2026 से अप्रैल 2026 तक का बकाया (एरियर) जून 2026 में जारी किया जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि डीए/डीआर के भुगतान में 50 पैसे या उससे अधिक की राशि को अगले पूरे रुपये में गिना किया जाएगा, जबकि 50 पैसे से कम की राशि को नजरअंदाज किया जाएगा। वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरुण कुमार गुप्ता द्वारा जारी इस आदेश से लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों को सीधा लाभ मिलेगा। आर्थिक महंगाई के बीच यह फैसला कर्मचारियों के लिए राहत भरा कदम माना जा रहा है।

### रुचि एक्रोनी केस में ईडी की कार्रवाई, 7.76 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इंदौर उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए रुचि एक्रोनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 7.76 करोड़ रुपए मूल्य की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है, जिसे अब स्टीलटेक रिसोर्सेज लिमिटेड के नाम से जाना जाता है। कुर्क की गई संपत्तियां कंपनी के नाम पर दर्ज भूमि के टुकड़ों के रूप में हैं। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है। ईडी ने इस मामले में जांच की शुरुआत सीबीआई, एसीबी भोपाल द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर की थी। एफआईआर में कंपनी पर यूको बैंक, इंदौर के साथ धोखाधड़ी कर 58 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। आरोप है कि कंपनी ने बेईमानी से अपनी समूह कंपनियों में निवेश किया और सहयोगी व संबंधित संस्थाओं को ऋण और अग्रिम देकर धन का हेरफेर किया। जांच में यह भी सामने आया कि कंपनी ने क्रेडिट सुविधाएं और 'लेटर ऑफ क्रेडिट' जाली, मनगढ़ंत और हेरफेर किए गए दस्तावेजों के आधार पर प्राप्त किए, जिनके पीछे कोई वास्तविक व्यापारिक गतिविधि नहीं थी।

### एसएसआईएचएम में पांच दिवसीय पाक कला कार्यशाला का आयोजन

**डेराबस्सी.** श्री सुखमनी इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड मैनेजमेंट (एसएसआईएचएम) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय आतिथ्य दिवस के अवसर पर होटल मैनेजमेंट विभाग की ओर से पांच दिवसीय पाक कला और मॉकटेल कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों के व्यावहारिक कौशल को निखारना और उन्हें आतिथ्य उद्योग की आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना था। कार्यशाला के दौरान छात्रों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन जैसे सूप, चाइनीज, हैदराबादी और दक्षिण भारतीय पकवान तैयार किए। इसके साथ ही उन्होंने अभिनव और आकर्षक मॉकटेल बनाकर अपनी रचनात्मकता और पाक कला का प्रदर्शन किया। छात्रों के इन प्रयासों का उद्योग जगत से आए विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन किया गया, जिन्होंने उनके व्यंजनों की सराहना करते हुए उन्हें महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस प्रक्रिया से छात्रों को न केवल अपने कौशल को सुधारने का अवसर मिला, बल्कि उन्हें वास्तविक कार्य अनुभव का भी एहसास हुआ।

### ईरान होर्मुज खोलने को तैयार कहा-ट्रम्प का दबाव नहीं सहेंगे

**तेहरान।** ईरान ने मंगलवार को कहा कि अब अमेरिका उस स्थिति में नहीं है कि वह दूसरे देशों को बताए कि उन्हें क्या करना चाहिए। ईरान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रेजा तलाईए-निक ने सरकारी टीवी से कहा कि वे ट्रम्प का दबाव नहीं सहन करेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका को अपनी गलत मांगों को छोड़ना ही होगा।यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका, होर्मुज को खोलने से जुड़े ईरान के नए प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। अमेरिका, ईरान और इजराइल के बीच फिलहाल युद्धविराम लागू है, लेकिन इस संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने के लिए जो बातचीत चल रही है, उसमें अभी तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। इस बीच ईरान पहली बार होर्मुज खोलने को तैयार हो गया है। ईरान ने अमेरिका से समुद्री नाकेबंदी हटाने की भी अपील की है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने तीन ईरानी अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है।

### बांदा दुनिया में सबसे गर्म, पारा 47.6 डिग्री

**नई दिल्ली.** उत्तर प्रदेश और राजस्थान में सोमवार को गर्मी ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। बांदा 47.6एष्ट के साथ दुनिया का सबसे गर्म शहर रहा। यहां 30 अप्रैल 2022 और 25 अप्रैल 2026 को 47.4एष्ट तापमान रहा था। सोमवार को राजस्थान के जैसलमेर में 46.4एष्ट तापमान दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के खजुराहो में पारा 46एष्ट पहुंच गया, जो पिछले 10 साल में सबसे ज्यादा है। जैसलमेर-खजुराहो के अलावा देश के 4 शहरों में पारा 46एष्ट या इससे ज्यादा रहा। इनमें बाड़मेर 46एष्ट, वर्धा 46.5एष्ट, अमरावती 46.6एष्ट और अकोला 46.3एष्ट शामिल हैं। बढ़ती गर्मी और हीटवेव को देखते हुए केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट यूनिट शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

### निगम ने स्वच्छता चैंपियनों को सम्मानित किया

**चंडीगढ़.** चंडीगढ़ नगर निगम ने आज शहर भर में स्वच्छता और जन जागरूकता में उनके अनुकरणीय योगदान को मान्यता देते हुए समर्पित स्वच्छता दूतों को सम्मानित किया। नगर निगम आयुक्त श्री अमित कुमार, आईएएस, विशेष आयुक्त श्री प्रदीप कुमार, आईएएस, संयुक्त आयुक्त डॉ. हिमांशु गुप्ता और डॉ. इंदरजीत और श्री बलबीर राज सिंह, मुख्य अभियंता श्री संजय अरोरा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंदरदीप कौर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वच्छता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने में उनकी उत्कृष्ट भूमिका के लिए सक्रिय नागरिकों को सम्मानित किया।

# भाजपा सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है : सैनी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश के समग्र विकास और हर वर्ग के कल्याण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीतियां पारदर्शिता, सुशासन और विकास पर आधारित हैं, जिनका उद्देश्य हरियाणा को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करना है। मुख्यमंत्री मंगलवार को पंचकूला के सेक्टर-10 में आयोजित भाजपा के मेयर प्रत्याशी श्यामलाल बंसल के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनता से भाजपा के मेयर प्रत्याशी श्यामलाल बंसल को भारी बहुमत से विजय दिलाने की अपील की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मेयर प्रत्याशी श्याम लाल बंसल और सभी वार्डों



के प्रत्याशियों को जिताकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि पंचकूला में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी विकास कार्यों को और तेजी से रफ्तार मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार हरियाणा को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स?कों का जाल बिछाया गया, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया गया और शिक्षा के क्षेत्र में भी व्यापक सुधार किए गए हैं। इसके साथ ही किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीब वर्ग के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र पर चलते हुए बिना भेदभाव के हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत लाखों परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है, वहीं कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए भी अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की जनता लगातार भाजपा को आशीर्वाद दे रही है। जनता के आशीर्वाद से राज्य में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि पंचकूला में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर योजनाओं का क्रियान्वयन तेज, पारदर्शी और प्रभावी तरीके से होगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताते हुए कहा कि पंचकूला में जनता हर वार्ड में कमल खिलाने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे श्यामलाल बंसल को भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि पंचकूला में विकास की रफ्तार और तेज हो सके। नायब सैनी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे घर-घर जाएं और लोगों को भाजपा की नीतियों और योजनाओं के बारे में बताकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह करें।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री कंवर पाल गुज्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, भाजपा मेयर प्रत्याशी श्यामलाल बंसल, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल और पूर्व मेयर कुलभूषण गोयल सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दाऊद के सहयोगी डोला को तुर्की से लाया गया भारत, एजेंसियों ने शुरू की पूछताछ

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली.** सीमा पार से सक्रिय मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क पर लगाम लगाने के क्रम में भारतीय कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों को एक बड़ी सफलता मिली है। फरार गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम का करीबी सहयोगी और अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का अहम सदस्य सलीम डोला मंगलवार को तुर्की से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया। सूत्रों के अनुसार, भारतीय खुफिया एजेंसियों और उनके अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के समन्वित अभियान के बाद डोला को विशेष विमान से तड़के दिल्ली हवाई अड्डे पर लाया गया। अधिकारियों ने पुष्टि की कि यह प्रत्यर्पण विभिन्न अधिकार क्षेत्रों में कई एजेंसियों के निरंतर प्रयासों और घनिष्ठ सहयोग के बाद अंजाम दिया गया।

सूत्रों के अनुसार, डोला से फिलहाल दिल्ली में खुफिया एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं और बाद में उसे आगे की जांच के लिए मुंबई स्थित नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को सौंप दिया जाएगा। उससे बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी और अंतरराष्ट्रीय तस्करी से जुड़े कई मामलों के संबंध में पूछताछ की जाएगी। डोला को हाल ही में तुर्की के इस्तांबुल में स्थानीय कानून प्रवर्तन और खुफिया इकाइयों के संयुक्त अभियान में गिरफ्तार



किया गया था। उनकी गिरफ्तारी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अनुरोध पर जारी इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर हुई थी।

भारतीय अधिकारी, विशेष रूप से मुंबई पुलिस, कई वर्षों से मादक पदार्थों से संबंधित विभिन्न मामलों में उनकी हिरासत की मांग कर रहे थे। सलीम डोला का प्रत्यर्पण भारतीय एजेंसियों द्वारा इस नेटवर्क के खिलाफ की गई कई महत्वपूर्ण कार्रवाइयों के बाद हुआ है। जून 2025 में उनके बेटे ताहिर डोला को संयुक्त अरब अमीरात से प्रत्यर्पित किया गया था। कुछ महीनों बाद, एक अन्य प्रमुख सहयोगीसलीम मोहम्मद सोहेल शेख को दुबई से प्रत्यर्पित किया गया और मुंबई एंटी-नारकोटिक्स सेल द्वारा गिरफ्तार किया गया। ये घटनाक्रम व्यापक आपराधिक गतिविधियों में शामिल इस नेटवर्क पर कड़ी कार्रवाई का संकेत देते हैं, जिनमें मादक पदार्थों का निर्माण, तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियां शामिल हैं। अधिकारियों का अनुमान है कि डोला लगभग 5,000 करोड़ रुपए के ड्रग साम्राज्य का संचालन करता था, जिससे वह इस सिंडिकेट के सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में से एक बन गया था। उसकी गिरफ्तारी को दाऊद इब्राहिम नेटवर्क के लिए ही नहीं, बल्कि उसके कथित वित्तीय चैनलों के लिए भी एक बड़ा झटका माना जा रहा है। जांचकर्ताओं का मानना है कि नशीले पदार्थों की तस्करी से प्राप्त धन का उपयोग भारत के सुरक्षा हितों के लिए हानिकारक गतिविधियों को वित्त पोषित करने के लिए किया गया था।

सुरक्षा विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया है कि नशीले पदार्थों के नेटवर्क को नष्ट करना आतंकवाद विरोधी प्रयासों का एक महत्वपूर्ण पहलू है, क्योंकि ऐसे गिरोह अक्सर चरमपंथी गतिविधियों के लिए वित्तीय आधार का काम करते हैं। डोला, उसके बेटे और उनके करीबी सहयोगियों की गिरफ्तारी से संकेत मिलता है कि गिरोह की गतिविधियां धीरे-धीरे कमजोर हो रही हैं। जांच से पता चला है कि यह नेटवर्क कई देशों में फैले एक अंतरराष्ट्रीय कृत्रिम मादक पदार्थों की तस्करी प्रणाली का संचालन करता था।

### अब बागेश्वर बाबा की शरण में तेज प्रताप

# वीडियो कॉल पर मांग ली ऐसी मुराद, बिहार की सियासत में मच गया तहलका

**पटना.** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव अपने अलग अंदाज के लिए हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। लेकिन इस बार उनका एक ऐसा दिलचस्प वीडियो सामने आया है, जिसने बिहार के सियासी गलियारों में भारी हलचल मचा दी है। इस वायरल वीडियो में तेज प्रताप, मशहूर कथावाचक और बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के साथ वीडियो कॉल पर न सिर्फ बात करते नजर आ रहे हैं, बल्कि उनसे अपनी राजनीतिक नैया पार लगाने की गुहार भी लगा रहे हैं।

सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो में तेज प्रताप यादव और बागेश्वर बाबा के बीच बड़ी ही दिलचस्प बातचीत सुनी जा सकती है। वीडियो कॉल के दौरान तेज प्रताप बड़े ही भक्ति भाव और मुस्कुराते हुए बाबा बागेश्वर से सीधे तौर पर अपनी सियासत चमकाने का आशीर्वाद मांग लेते हैं। वह कहते हैं, 'मेरा राजनीतिक देख लीजिएगा महाराज, राजनीति।' लालू यादव के बड़े बेटे के मुंह से बाबा के लिए ये शब्द सुनकर हर कोई हैरान है कि आखिर अचानक तेज प्रताप को राजनीतिक भविष्य के लिए बाबा की शरण में क्यों जाना पड़ गया।

तेज प्रताप के इस सीधे निवेदन पर बाबा बागेश्वर ने भी बड़ी ही गर्मजोशी और मुस्कान के साथ जवाब दिया। बाबा ने आश्वासन देते हुए कहा कि जब वे दोनों एक साथ बैठेंगे, तब इस विषय पर विस्तार से चर्चा करेंगे। धीरेंद्र शास्त्री ने हामी भरते हुए कहा, 'बिल्कुल पक्का, हम और आप बैठेंगे जब आपके यहां आएंगे।' बाबा की इस बात पर तेज प्रताप भी खुशी-खुशी जवाब देते हुए कहते हैं, 'जी जी, साथ बैठेंगे।' इन दोनों दिग्गजों के बीच हुई इस आत्मीय बातचीत ने बिहार में एक नई सियासी बहस को जन्म दे दिया है। तेज प्रताप यादव की बाबा बागेश्वर से यह बातचीत ऐसे समय में सामने आई है, जब हाल ही में उन्होंने चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर (पीके) से भी एक बेहद अहम मुलाकात की थी। तेज प्रताप ने खुद इस मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए इसे राजनीतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण करार दिया था। उन्होंने बताया था कि पीके के साथ उनकी जनहित और भविष्य की राजनीति को लेकर गहन चर्चा हुई है। यह मुलाकात केवल औपचारिक नहीं थी, बल्कि इसमें बदलते राजनीतिक समीकरणों पर ऐसा विचार-विमर्श हुआ जो आने वाले समय में राजनीति की दिशा तय कर सकता है। पहले प्रशांत किशोर से मास्टर प्लान पर चर्चा और अब बाबा बागेश्वर से राजनीतिक कृपा की मांग, यह साफ इशारा कर रहा है कि तेज प्रताप यादव अपने करियर को लेकर कोई बड़ी सियासी खिचड़ी पका रहे हैं।

# रंजिश के चलते युवक की चाकू घोंप कर हत्या

**पंचकूला।** पुरानी रंजिश के चलते एक 20 वर्षीय युवक की बीती रात को चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान राजीव कॉलोनी, सेक्टर-17 निवासी मोहित सिंह के रूप में हुई है, जो अपने पिता के साथ किसान मंडी में सब्जी बेचने का काम करता था। इस मामले में 16 साल के एक नाबालिग को काबू किया गया है। नाबालिग पहले भी संगीन अपराधों में संलिप्त रहा है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी साझा करते हुए बताया कि मृतक मोहित सिंह सोमवार दोपहर करीब 3 बजे अपने दोस्तों के साथ घूमने निकला था। रात करीब 11.30 बजे इंदिरा कॉलोनी, न्यू लेबर चौक के पास आरोपी नाबालिग ने पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए मोहित पर अचानक चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने मोहित की छाती के दाहिनी ओर दो बार वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। मोहित के दोस्त सोनू ने उसे तुरंत नागरिक अस्पताल, सेक्टर-6 पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही सेक्टर-16 चौकी इंचार्ज भीम सिंह ने मामले की तत्परता से जांच करते हुए आज ही आरोपी नाबालिग को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया है। पुलिस जांच में तथ्य सामने आया कि पकड़े गए नाबालिग आरोपी के खिलाफ वर्ष 2023 में चंडीगढ़ में भी हत्या का एक मामला दर्ज है। मामले की गहनता से तफ्तीश की जा रही है।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने कहा कि यह एक अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है जिसमें एक युवा जान चली गई। हमारी प्रारंभिक जांच के अनुसार, मृतक मोहित सिंह और आरोपी के बीच विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने कल रात करीब 11.30 बजे मोहित पर चाकू से वार किया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 के तहत थाना सेक्टर-14 में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी नाबालिग को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया, जिसका पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। मामलें की जांच जारी है।

# 30 ज्यादा स्कूली बसों की हुई जांच मिली खामियां, दो के कटे चालान

**पंचकूला।** सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर स्कूल प्रबंधन सचेत नहीं है। मंगलवार को स्कूल बसों की हुई जांच में कई खामियां पाई गई। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस विभाग द्वारा पिंजौर और कालका क्षेत्रों में एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस की विभिन्न टीमों ने सड़कों पर उतरकर 30 से अधिक स्कूल बसों की सघन जांच की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नौनिहालों का सफर पूरी तरह सुरक्षित है। सूरजपुर ट्रैफिक एसएचओ अभिषेक के नेतृत्व में संचालित इस अभियान के दौरान पुलिस ने बसों के भीतर सुरक्षा मानकों की बारीकी से पड़ताल की। जांच टीम ने विशेष रूप से बसों में फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशमन यंत्र), फर्स्ट एड बॉक्स, स्पीड गवर्नर की कार्यक्षमता और बस के फिटनेस सर्टिफिकेट की जांच की। इसके साथ ही, चालकों के लाइसेंस और उनके सत्यापित दस्तावेजों का भी मिलान किया गया। सघन निरीक्षण के दौरान दो बसों में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया गया, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके पर ही उनके चालान काटे। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा पुलिस प्रशासन के लिए सबसे ऊपर है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्कूल बस में सुरक्षा मानकों की अनदेखी या लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्कूल प्रबंधनों को सख्त हिदायत दी कि वे वाहनों के रखरखाव और चालकों के आचरण पर निरंतर नजर रखें।

### योगा की आड़ में हनी ट्रैप

# महिला ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 2.71 लाख ठगे

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** पुलिस ने ब्लैकमेलिंग और जबरन वसूली के मामले का भंडाफोड़ करते हुए एक महिला योगा इंस्ट्रक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला पंचकूला में योगा सेंटर चलाने की आड़ में एक युवक की आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दे रही थी। जबरल वसूली और ब्लैकमेलिंग का पूरा मामला

पंचकूला वासी शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2024 में वह सेक्टर-21 स्थित एक योगा सेंटर में व्यायाम के लिए जाते थे, जिसे एक महिला चला रही थी। कुछ समय बाद उन्होंने योगा छोड़ दिया, हाल ही में युवती ने उनसे आर्थिक मदद मांगी। मानवता के नाते पीड़ित ने उसे ऑनलाइन माध्यम से 30 हजार रुपये भेजे। इसके बाद आरोपी महिला ने उन्हें मिलने के बहाने बुलाया और उनके साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया। पीड़ित का आरोप है कि महिला ने चुपके से उनकी वीडियो बना ली और वीडियो वायरल करने और परिवार को बताने की धमकी देकर महिला ने अलग-अलग किश्तों में अब तक 2.71 लाख रुपये की राशि ऐंठ ली। आरोपी महिला ने पीड़ित से 6 लाख रुपये की और मांग की, जिससे तंग आकर पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी।

जांच में सामने आया है कि आरोपी महिला ने सुनियोजित तरीके से पीड़ित को हनी ट्रैप में फंसाया और फिर वीडियो के नाम पर उसे डराकर लाखों रुपये ट्रांसफर करवाए। हमने 25 अप्रैल को भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(2) के तहत सैक्टर-20 थाना में मामला दर्ज किया और चौकी इन्चार्ज दीदार सिंह की अगुवाई में मामले की जांच कर रहे एएसआई रविंदर सिंह ने आरोपी महिला को उसके पंजाब स्थित निवास से महिला पुलिसकर्मियों की मदद से 27 अप्रैल को गिरफ्तार किया। आरोपी महिला के पास से आईफोन-17 और वन-प्लस जैसे मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। अभी तक की जांच में महिला के खिलाफ अन्य कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है। लेकिन हमारी टीम यह पता लगानें में जुटी है कि कहीं और लोग भी इस युवती का शिकार तो नहीं बने। हम आमजन से अपील करते हैं



कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन या व्यक्तिगत ब्लैकमेलिंग के मामलों में घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत पुलिस से संपर्क करें, ताकि समय रहते सख्त कार्रवाई की जा सके। आरोपी महिला को आज न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

## एक नजर

### पंजाब पुलिस ने सुलझाई शंभू-अंबाला रेल ट्रैक ब्लास्ट की गुत्थी, 4 खूंखार आतंकी गिरफ्तार

**चंडीगढ़.** धमाके के 24 घंटे से भी कम समय में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पंजाब पुलिस ने मंगलवार को पाकिस्तान की आईएसआई समर्थित एक 'खालिस्तान समर्थक' आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। यह मॉड्यूल शंभू शहर के पास रेलवे ट्रैक पर देर रात धमाके की कोशिश के लिए जिम्मेदार था। पुलिस ने इस मामले में चार कट्टरपंथी और आदतन अपराधियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से भारी मात्रा में आतंकवादी उपकरण बरामद किए गए। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मानसा के प्रदीप सिंह खालसा, मानसा के बप्पियाना गांव के कुलविंदर सिंह उर्फ बग्गा, तरनतारन के पंजवार के सतनाम सिंह उर्फ सत्ता और तरनतारन के गोइंदवाल बाईपास के गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी के रूप में हुई है। बरामद किए गए सामान में एक हैंड ग्रेनेड, दो 30 बोर पिस्तौलें, गोला-बारूद, विस्फोटों में इस्तेमाल किए जाने वाले तकनीकी रूप से संचार उपकरण और लैपटॉप शामिल हैं, जिनका उपयोग वे अपने संचालकों के साथ संवाद करने के लिए करते थे। पटियाला रेंज के उप महानिरीक्षक कुलदीप चहल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वरुण शर्मा ने मीडिया को बताया कि रेलवे ट्रैक पर विस्फोट के प्रयास के लिए जिम्मेदार आतंकी मॉड्यूल का रिकॉर्ड 12 घंटे के अंदर पर्दाफाश हो गया। उन्होंने कहा कि आरोपी खालसा इस मॉड्यूल का मुख्य सरगना था और मलेशिया स्थित खालिस्तान समर्थक आतंकवादी के साथ-साथ पाकिस्तान स्थित हथियार आपूर्तिकर्ताओं के भी करीबी संपर्क में था। उन्होंने बताया कि आरोपी खालसा कट्टरपंथी युवाओं को आतंकी प्रशिक्षण के लिए मलेशिया भेजता था और फिर उन्हें आतंकी गतिविधियों का काम सौंपता था। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी ने 'चलदा वहीर चक्रवर्ती, अतरिये' नाम से एक कट्टरपंथी संगठन भी बनाया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपियों ने शंभू रेलवे स्टेशन पर मुख्य लाइन पर कम तीव्रता वाला आईईडी विस्फोट किया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच में पता चला है कि आरोपी सार्वजनिक बुनियादी ढांचे-संपत्तियों पर और हमले करने की योजना बना रहे थे। पटियाला में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 111, विस्फोटक अधिनियम की धारा 3, 4 और 5, शस्त्र अधिनियम की धारा 25 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 13, 16, 18 और 20 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई है।

### 23 राजस्व अधिकारी पदोन्नत किए, हरदीप सिंह मुंडियां ने सौंपे पदोन्नति पत्र



**चंडीगढ़.** पंजाब के राजस्व मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां ने आज यहां पंजाब भवन में एक संक्षिप्त समारोह के दौरान राजस्व विभाग के 23 अधिकारियों को पदोन्नति पत्र सौंपे। पदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए राजस्व मंत्री ने कहा कि इन पदोन्नतियों से राज्य में राजस्व प्रशासन को और मज़बूत बनाने में इन अधिकारियों द्वारा लंबे समय से दिए जा रहे योगदान को मान्यता मिली है। बता दें कि छह अधिकारियों को तहसीलदार से ज़िला राजस्व अधिकारी, आठ अधिकारियों को नायब तहसीलदार से तहसीलदार और नौ अधिकारियों को कानूनगो से नायब तहसीलदार के रूप में पदोन्नत किया गया है। स. हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार राज्य के कर्मचारियों की निर्धारित समय में पदोन्नति सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी पदोन्नति प्रक्रिया न केवल प्रशासनिक प्रणाली को मज़बूत बनाती है, बल्कि अधिकारियों को बेहतर जनसेवाएं प्रदान करने के लिए भी प्रोत्साहित करती है। अतिरिक्त मुख्य सचिव-कम-वित्त आयुक्त (राजस्व) श्री अनुराग वर्मा ने पदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए उन्हें नई ज़िम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ निभाने के लिए प्रेरित किया।

### एमएलए ने वार्ड नंबर 1 से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम के तहत बस को हरी झंडी दिखाई

**नाभा.** नाभा विधानसभा क्षेत्र के एमएलए गुरदेव सिंह देव मान ने पूजा-अर्चना के बाद नाभा विधानसभा क्षेत्र के पास वार्ड नंबर 1 की दशमेश कॉलोनी से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम के तहत तीर्थयात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर एमएलए देव मान ने कहा कि यह स्कीम सिर्फ एक सरकारी पहल नहीं है, बल्कि हमारे बुजुर्गों की आस्था, भक्ति और आत्मिक शांति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण सेवा है। उन्होंने कहा कि इस स्कीम के जरिए बुजुर्गों को पवित्र तीर्थ स्थलों के दर्शन करने का मौका मिल रहा है, जो उनके जीवन में शांति, संतुष्टि और खुशी लाने का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब की मान सरकार द्वारा तीर्थयात्रियों की सुरक्षा, आराम और सुविधा को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि हर तीर्थयात्री पूरी शांति और आस्था के साथ अपनी यात्रा पूरी कर सके। देव मान ने कहा कि यह स्कीम आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा पंजाब के लोगों की मांग को देखते हुए शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में विधानसभा क्षेत्र से और भी बसें तीर्थ यात्रा के लिए जाएंगी। इस मौके पर वार्ड नंबर एक के विधायक और आम आदमी पार्टी के नेता कश्मीर सिंह लालका ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, विधानसभा क्षेत्र के एमएलए गुरदेव सिंह देव मान और पूरी लीडरशिप का दिल से शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर तेजिंदर सिंह खैरा, भूपिंदर सिंह कलर माजरी, सिमरन चौहान वगैरह मौजूद थे।

### इंटरनेशनल वर्कर्स डे पर जगराओं में कॉन्फ्रेंस

**जगराओं.** 1 मई, इंटरनेशनल वर्कर्स डे पर जगराओं बस स्टैंड पर इलाके के सभी पब्लिक ऑर्गनाइज़ेशन की तरफ से एक बड़ी कॉन्फ्रेंस रखी गई है। इस बारे में हुई मीटिंग में सभी ऑर्गनाइज़ेशन ने मई के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में आने का ऐलान किया। मीटिंग की प्रोसिडिंग्स प्रेस को जारी करते हुए कंवलजीत खन्ना, बलराज सिंह कोट उमरा, अवतार सिंह गागरा, अस्साक भंडारी ने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस के ज़रिए केंद्र सरकार द्वारा लाए गए लेबर और एम्प्लॉई एंटी कोड को कैंसिल करने, सरकारी इंस्टीट्यूशन का प्राइवेटाइज़ेशन रोकने, एमजी नरेगा स्कीम को बहाल करने] आशा वर्कर, मिड-डे मील वर्कर की सैलरी बढ़ाने और कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम को बंद करने की मांग की जाएगी। इस कॉन्फ्रेंस के ज़रिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब के शहरों के इंडस्ट्रियल सेक्टर में सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर किए जा रहे आंदोलन को सपोर्ट करने और लेबर स्ट्रगल पर हो रहे पुलिसिया ज़ुल्म को रोकने की मांग की जाएगी।

# सीएम मान ने अपने पैतृक गांव सतोज़ से जनगणना 2027 के पहले चरण 'मकानों की सूची एवं गणना' का किया उद्घाटन

## पंजाब के निवासियों से प्रभावी योजनाबंधी और नीति निर्माण के लिए जनगणना कार्य में सक्रिय भागीदारी की अपील की

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़.** जनगणना 2027 में डिजिटल सहभागिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पंजाब के माननीय मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान जी ने आज राज्य में जनगणना 2027 के पहले चरण मकान सूचीकरण और मकानों की गणना प्रक्रिया का औपचारिक उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने संगरुर जिले के अपने पैतृक गांव सतोज़ से आधिकारिक ऑनलाइन जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपनी स्वयं-गणना पूरी की, जो नागरिकों को डिजिटल जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने में श्री मनजीत सिंह बराड़, आईएएस, प्रशासनिक सचिव, स्थानीय निकाय विभाग, पंजाब तथा डॉ. नवजोत खोसा, आईएएस, निदेशक, जनगणना संचालन निदेशालय, पंजाब एवं यूटी चंडीगढ़ के साथ श्री राहुल चाबा, आईएएस, उपायुक्त, संगरुर ने सहयोग दिया।

निर्धारित डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए स्वयं-गणना की प्रक्रिया को व्यक्तिगत रूप से अपनाकर, माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस पहल की सरलता, सुलभता और नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया। उन्होंने पंजाब के सभी निवासियों से जनगणना कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने और इस तकनीक-आधारित प्रक्रिया को अपनाने का आह्वान किया। उनकी इस सक्रिय भागीदारी ने एक मजबूत उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो पूरे राज्य के लोगों को जनगणना 2027 के लिए सटीक और समय पर जानकारी प्रदान करने हेतु प्रेरित करती है।

मुख्यमंत्री जी ने पंजाब के सभी निवासियों से 30 अप्रैल 2026 से 14 मई 2026 तक स्वयं-गणना सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की, ताकि एक व्यापक और विश्वसनीय राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार किया जा सके, जो प्रभावी योजना निर्माण और नीति निर्धारण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि जनगणना का सटीक डेटा सुशासन की रीढ़ होता है, जो कल्याणकारी योजनाओं, बुनियादी ढांचे के विकास और संसाधनों के समान वितरण को सुनिश्चित करता है। 'स्वयं-गणना' जनगणना 2027 की एक महत्वपूर्ण विशेषता है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक विवरण सुविधाजनक रूप से ऑनलाइन भर सकते हैं। यह पहल पारदर्शिता, दक्षता और डेटा की शुद्धता को बढ़ाती है तथा जनगणना कार्यों के पूर्ण डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह मैनुअल प्रक्रिया पर निर्भरता को कम करती है, डेटा संग्रहण को तेज बनाती है और राष्ट्रीय डेटाबेस की समग्र एकरूपता को मजबूत करती है। इस अवसर पर डॉ. नवजोत खोसा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जैसी सम्मानित हस्तियों की भागीदारी से जनगणना प्रक्रिया में जनता का विश्वास मजबूत होता है और समाज के व्यापक वर्ग की सहभागिता को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि स्वयं-गणना को व्यापक स्तर पर अपनाना शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में समावेशी और व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जनगणना 2027 के पहले चरण, अर्थात मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के अंतर्गत घर-घर सर्वेक्षण 15 मई से 13 जून 2026 तक किया जाएगा। इस अभियान के दौरान मकानों की स्थिति, सुविधाओं और संपत्ति से संबंधित 33 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक मकान की गणना की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में कोई भी परिवार छूट न जाए।

## मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत अब तक 1.32 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने धार्मिक स्थलों के दर्शन किए: मुंडियां



**चंडीगढ़.** पंजाब के राजस्व मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां ने आज बताया कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई प्रमुख पहल मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के दो चरणों के तहत अब तक 1.32 लाख से अधिक श्रद्धालु विभिन्न पवित्र स्थलों के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रदेशवासियों को मुफ़्त धार्मिक यात्रा सुविधा प्रदान करना और धार्मिक स्थलों के दर्शन करने के उनके सपनों को पूरा करना है। वर्तमान में चल रहे दूसरे चरण की ज़िला-वार प्रगति साझा करते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि 27 अप्रैल, 2026 तक बठिंडा क्लस्टर से 1179 यात्राएं करवाई गईं, जिनके तहत 46,030 श्रद्धालु दर्शन के लिए गए। इसी तरह मोहाली से 533 यात्राओं के माध्यम से 21,104 श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाए गए, जबकि लुधियाना से 596 यात्राओं के तहत 23,747 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और अमृतसर क्लस्टर से 154 यात्राओं के जरिए 6,160 श्रद्धालुओं को दर्शन करवाए गए। उन्होंने बताया कि कुल मिलाकर इन क्लस्टरों से 2462 यात्राओं के माध्यम से 97,041 श्रद्धालुओं को मुफ़्त धार्मिक यात्रा करवाई गई।

उन्होंने बताया कि 27 नवंबर, 2023 को प्रथम पातशाह श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व को समर्पित 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा' के पहले चरण के तहत लगभग 35,500 श्रद्धालुओं ने श्री हज़ूर साहिब (नांदेड़), श्री पटना साहिब (बिहार), वाराणसी मंदिर, मथुरा और श्री वृंदावन धाम (उत्तर प्रदेश), अजमेर शरीफ़ दरगाह (राजस्थान), श्री आनंदपुर साहिब, श्री अमृतसर साहिब, श्री दमदमा साहिब (तलवंडी साबो), श्री सालासर धाम, श्री खाटू श्याम जी, माता चिंतपूर्णी जी, माता ज्वाला जी, माता नैना देवी जी और माता वैष्णो देवी जी सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन किए थे। स. हरदीप सिंह मुंडियां ने बताया कि इस योजना का दूसरा चरण नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व के अवसर पर अक्टूबर 2025 में शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी धर्मों, जातियों और क्षेत्रों के श्रद्धालु इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के तहत श्रद्धालुओं को श्री हरिमंदिर साहिब, श्री दुर्गियाना मंदिर, भगवान श्री वाल्मीकि तीर्थ स्थल, जलियांवाला बाग़, पार्टिशन म्यूज़ियम सहित कई अन्य प्रमुख धार्मिक और विरासत स्थलों पर ले जाया जा रहा है। इस योजना के तहत प्रदान की जा रही सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि योजना के दोनों चरणों के तहत श्रद्धालुओं को मुफ़्त यात्रा, आवास, भोजन, चिकित्सा सहायता और आवश्यक किटें उपलब्ध करवाई गई हैं।

## जून 2026 तक राज्य की 45 हजार किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण कार्य होगा पूरा: ईटीओ

पंचकूला ऑब्जर्वर



**एसएएस नगर.** पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज सुवखते लांडरांझुचुन्नी मार्ग पर रसनहेड़ी स्थित बैच टाइप हॉट मिक्स प्लांट का दौरा किया। इस दौरान मंत्री ने प्लांट की कार्यक्षमता बढ़ाने और गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने के लिए अपनाए जा रहे तंत्र के बारे में जानकारी ली। दौरे के संबंध में जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य में 45,000 किलोमीटर सड़कों के नवीनीकरण के आदेश दिए गए हैं, जिसके तहत पूरे प्रदेश में सड़कों के सुधार का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने बताया कि इस मिक्सिंग प्लांट की दैनिक क्षमता लगभग 800 टन है। यह भी बताया गया कि एक किलोमीटर प्लेन रोड (18 फीट चौड़ी) पर लगभग 450 टन प्रीमिक्स सामग्री की आवश्यकता होती है। वर्तमान में राज्य में लगभग 100 हॉट मिक्स प्लांट अपनी पूरी क्षमता से कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने राज्यभर के हॉट मिक्स प्लांट संचालकों से अपील की कि वे प्लांट को सुबह 5 बजे ही शुरू कर दिया करें, ताकि उत्पादन क्षमता और बढ़ाई जा सके। खाड़ी देशों में युद्ध जैसे हालातों के चलते सड़क निर्माण के लिए आवश्यक लुक (बिटुमेन) की उपलब्धता रिफाइनरियों के साथ समन्वय बनाकर सुनिश्चित की जा रही है। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि इस समय राज्य में सड़कों के निर्माण का कार्य तेज गति से चल रहा है, ताकि मानसून के आगमन से पहले 30 जून 2026 तक यह कार्य पूर्ण किया जा सके। कैबिनेट मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता का कार्य सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए। इस अवसर पर विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ गगनदीप सिंह सहित चीफ इंजीनियर, एक्सियन और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### कैबिनेट मंत्री ने बिटुमिन (लुक) की आपूर्ति सुचारू बनाने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**चंडीगढ़।** पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज यहां पंजाब सरकार द्वारा राज्य में सड़क नेटवर्क को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत विभाग द्वारा चल रहे कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्धारित वित्तीय और भौतिक लक्ष्यों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। मीटिंग के दौरान कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा सड़क निर्माण से संबंधित निर्धारित लक्ष्यों को हर हाल में हासिल किया जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि 30 जून 2026 से पहले सड़क निर्माण से संबंधित सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने बताया कि बुनियादी ढांचे के कार्यों के लिए आवश्यक धन की कोई कमी नहीं है और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरी गति से पूरे किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों में चल रही स्थिति के कारण बिटुमिन (लुक) की कुछ कमी उत्पन्न हो रही है, लेकिन विभाग के अधिकारियों द्वारा इस समस्या से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है।

## 'युद्ध नशों विरुद्ध': राज्यभर में 439 ड्रग हॉटस्पॉट्स पर छापेमारी; 125 गिरफ्तार

**चंडीगढ़.** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए जारी प्रयासों के तहत, पंजाब पुलिस ने 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के 423वें दिन कार्रवाई तेज करते हुए आज राज्यभर में चिन्हित ड्रग हॉटस्पॉट्स—नशीले पदार्थों की बिक्री वाले स्थानों—पर राज्य स्तरीय घेराबंदी एवं तलाशी अभियान (सी ए एस ओ ) चलाया। यह अभियान पुलिस महानिदेशक (डी जी पी ) पंजाब गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक एक साथ चलाया गया। इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने राज्यभर में 439 ड्रग हॉटस्पॉट्स पर छापेमारी की, जिसके तहत 94 एफआईआर दर्ज कर 125 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 474 ग्राम हेरोइन, 1.5 किलोग्राम अफीम, 55 किलोग्राम भुक्की, 3042 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 6060 रुपये की ड्रग मनी भी बरामद की गई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने इस अभियान की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है। स्पेशल डीजीपी कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला, जो इस अभियान की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं, ने बताया कि 1 मार्च 2025 को शुरू किए गए 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के परिणामस्वरूप राज्यभर में 43,317 एफआईआर दर्ज कर 61,142 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से 2708 किलोग्राम हेरोइन, 764 किलोग्राम अफीम, 643 क्विंटल भुक्की, 923 किलोग्राम गांजा, 52.63 लाख नशीली गोलियां/कैप्सूल, 37.9 किलोग्राम आई सी ई और 17.66 करोड़ रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

इस दौरान 'गैंगस्टरों ते वार' अभियान के 98वें दिन पुलिस टीमों ने 5 हथियारों सहित 251 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे इस अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 24,771 हो गई है। इसके अलावा 80 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई, जबकि 57 व्यक्तियों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान 3 भगोड़े अपराधियों (पीओ) को भी गिरफ्तार किया।

## सीमा पार संचालित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पटियाला.** पटियाला पुलिस ने 12 घंटों के भीतर ही शंभू-अंबाला रेलवे मार्ग पर हुए बम धमाके की गुत्थी सुलझा ली है। इसके साथ ही सीमा पार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी (आईएसआई) के इशारे पर संचालित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में युद्धक हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है तथा इस मॉड्यूल से जुड़े 4 पेशेवर आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की गई है। यह खुलासा पटियाला रेंज के डीआईजी कुलदीप सिंह चाहल और जिला पुलिस प्रमुख वरुण शर्मा ने पटियाला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान किया।

यहां पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डीआईजी कुलदीप सिंह चाहल ने बताया कि शंभू-अंबाला रेलवे मार्ग पर हुए बम धमाके की गुत्थी सुलझाने के लिए एसपी (एच) वैभव चौधरी की निगरानी में डीएसपी सुखअमृत सिंह रंधावा, सीआईए पटियाला के इंचार्ज इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह बाजवा, सीआईए समाना के इंचार्ज इंस्पेक्टर अंकुरदीप सिंह, थाना कोतवाली पटियाला के एसएचओ इंस्पेक्टर जसप्रीत सिंह काहलो तथा स्पेशल सेल राजपुरा के इंचार्ज एसआई मनप्रीत सिंह की टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने अत्यंत पेशेवर तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपियों—परदीप सिंह खालसा पुत्र निर्मल सिंह निवासी वार्ड नंबर 1, डॉक्टर निसान सिंह वाली गली, सिद्धू अस्पताल के पीछे, मानसा; कुलविंदर सिंह बग्गा पुत्र सीरा सिंह निवासी बप्पियाना जिला मानसा; सतनाम सिंह सत्ता पुत्र लखविंदर सिंह निवासी पंजवड़ जिला तरनतारन; तथा गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी पुत्र सुखविंदर सिंह निवासी बाबा बिधी चंद नगर, मुरादपुर खुर्द, गोइंदवाल, थाना सिटी तरनतारन—को गिरफ्तार किया। डीआईजी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में युद्धक हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है, जो उन्होंने सीमा पार बैठे अपने आतंकी हैंडलरों की मदद से हासिल किया था। बरामद सामग्री में एक बम, 2 पिस्तौल सहित जिंदा कारतूस, आईईडी बनाने में प्रयुक्त सामग्री तथा मलेशिया में बैठे हैंडलरों से संपर्क के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला लैपटॉप और अन्य तकनीकी उपकरण शामिल हैं। डीआईजी कुलदीप सिंह चाहल ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि इस मॉड्यूल का मुख्य सरगना परदीप सिंह खालसा है, जो खालिस्तानी विचारधारा से प्रभावित होकर 'चलदा वहीर चक्रवर्ती, अटारिए' नामक संगठन चला रहा था। वह विदेश में मलेशिया स्थित खालिस्तानी उग्रवादी समूहों और पाकिस्तान में बैठे हैंडलरों के संपर्क में था। उन्होंने बताया कि इनका मकसद पंजाब में आतंकी घटनाओं को अंजाम देकर शांति भंग करना और दहशत का माहौल पैदा करना था, जिसके लिए पाकिस्तान स्थित हैंडलरों द्वारा इन्हें भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार मुहैया कराए गए थे। गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भी है और उनके खिलाफ विभिन्न मामलों में मुकदमे दर्ज हैं।

## बरिंदर गोयल ने बीओपी शाहपुर स्थित रावी नदी के धुस्सी बांध पर चल रहे बाढ़ सुरक्षा प्रबंधों का लिया जायजा

**अमृतसर.** पंजाब के जल संसाधन मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज ज़िला अमृतसर के बी.ओ.पी. शाहपुर स्थित रावी नदी के धुस्सी बांध पर चल रहे बाढ़ सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ अजनाला के विधायक श्री कुलदीप सिंह धालीवाल, जल संसाधन विभाग के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर श्री जगदीश राज, कार्यकारी इंजीनियर विश्वपाल गोयल तथा उप मंडल अधिकारी सतनाम सिंह भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि पिछले वर्ष आई बाढ़ के कारण बी.ओ.पी. शाहपुर के पास रावी नदी का धुस्सी बांध टूट गया था। जल संसाधन विभाग द्वारा उस टूटे हिस्से को भरने के बाद अब पत्थर लगाकर इसे और मज़बूत किया जा रहा है। इस स्थान पर बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए लगभग 4 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि पंजाब सरकार मानसून से पहले बाढ़ या भारी बारिश से होने वाले नुकसान को कम करने तथा लोगों के जान-माल की सुरक्षा के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बाढ़ रोकथाम उपायों पर 600 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि पिछले वर्ष आई बाढ़ के बाद विभाग द्वारा चारों नदियों के लिए दो-दो सुपरिंटेंडिंग इंजीनियरों की अगुवाई में कमेटियां गठित की गई थीं। इन कमेटियों ने 132 संवेदनशील स्थानों की पहचान की, जहां बाढ़ सुरक्षा कार्य चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ कार्य पूरे हो चुके हैं और शेष सभी कार्य 30 जून, 2026 तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पिछले मानसून सीज़न के दौरान रावी नदी के धुस्सी बांध में 23 स्थानों पर कटाव हुआ था, जिन्हें अब भरकर पत्थर लगाकर मज़बूत किया जा रहा है।

## एक नजर

### बंसीलाल के अपमान पर भड़के पौत्र अनिरुद्ध रेखा शर्मा के बयान को बताया अमर्यादित

**भिवानी.** हरियाणा के आधुनिक निर्माता कहे जाने वाले स्व. चौ. बंसीलाल के नाम को लेकर छिड़ी बहस ने अब तूल पकड़ लिया है। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा द्वारा पंचकूला में दिए गए बयान पर उनके पौत्र और कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी ने कड़ा एतराज जताया है। अनिरुद्ध चौधरी ने स्पष्ट किया कि राजनीति में शब्दों की मर्यादा सबसे ऊपर होनी चाहिए, विशेषकर उन विभूतियों के लिए जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। अनिरुद्ध चौधरी ने अपने बयान में कहा कि भले ही बीजेपी सांसद रेखा शर्मा यह तर्क दें कि उन्होंने बंसीलाल का नाम गलती से लिया, लेकिन इस एक चूक ने प्रदेश के लाखों लोगों के स्वाभिमान को चोट पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि रेखा शर्मा एक वरिष्ठ नेता हैं, उन्हें भविष्य में ऐसी गलती न करने की नसीहत भी है और अनुरोध भी। राजनीति में आने वाली पीढ़ी इन महान नेताओं के पदचिह्नों पर चलती है, ऐसे में उनके प्रति गलत टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है। अनिरुद्ध चौधरी ने अपने दादा स्व. चौ. बंसीलाल के कार्यकाल को याद दिलाते हुए कहा कि उनका पूरा राजनीतिक जीवन स्वच्छ छवि, सख्त प्रशासन और जनसेवा के लिए समर्पित रहा है। हरियाणा के कोने-कोने में बिजली और सड ?ों का जाल बिछाने वाले विकास पुरुष को किसी भी गलत मामले के साथ जोडऩा न केवल निंदनीय है, बल्कि उनके योगदान का अपमान है। चौधरी ने हरियाणा की राजनीति के आधार स्तंभ रहे तीनों बड़े परिवारों का जिक्र करते हुए कहा कि केवल चौधरी बंसीलाल ही नहीं, बल्कि चौधरी भजनलाल और चौधरी देवीलाल का भी हरियाणा के नवनिर्माण में अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जो नेता अब स्वर्ग में हैं, उनके बारे में टिप्पणी करना राजनीतिक शुचिता के खिलाफ है। इन नेताओं से आज भी लाखों लोगों की भावनाएं और निष्ठा जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि किसी भी दल का नेता हो, उसे प्रदेश के इन दिग्गज नेताओं के प्रति शब्दों की गरिमा बनाए रखनी चाहिए।

### जीवम फाउंडेशन में आयोजित शिविर में 150 लोगों के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच की गई

**कालांवाली.** जीवम फाउंडेशन ख्योंवाली द्वारा सामाजिक सेवा के तहत गांव में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन जीवम फाउंडेशन की चेयरपर्सन किरण गोदारा के अनुरोध एवं अथक प्रयासों से संभव हो पाया, जिसमें सिरसा में स्थित एक निजी अस्पताल की टीम ने विशेष सहयोग दिया। जानकारी देते हुए फाउंडेशन के प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि शिविर के दौरान गांव के लगभग 150 लोगों ने भाग लिया और अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। डॉक्टरों की टीम ने सभी का मुफ्त चेकअप किया तथा जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस पहल से ग्रामीणों को काफी लाभ मिला और उन्होंने फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जीवम फाउंडेशन के सदस्यों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। फाउंडेशन की चेयरपर्सन किरण गोदारा के निरंतर प्रयासों से यह शिविर सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।जीवम फाउंडेशन का यह प्रयास समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्य जारी रखने की प्रेरणा देता है।

### मैकेनिकल इंजीनियरिंग पन्नीवाला मोटा के छात्रों ने किया हरिद्वार का औद्योगिक दौरा

**कालांवाली.** चौधरी देवीलाल राजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान पनिवाला मोटा के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों के एक दल ने 27 अप्रैल को भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड हरिद्वार का एक दिवसीय औद्योगिक दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य कक्षा की पढ़ाई और कोर सेक्टर की वास्तविक उत्पादन प्रक्रियाओं के बीच की दूरी को कम करना था। इस दौरे का नेतृत्व टूर प्रभारी नरेश कुमार और कृष्णा देवी संकाय सदस्य मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने किया। छात्रों ने बीएचईएल के हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट प्लांट में टरबाइन निर्माण, भारी फैब्रिकेशन, गुणवत्ता परीक्षण और असेंबली लाइन जैसी बड़ी औद्योगिक प्रक्रियाओं को नजदीक से देखा। यह प्लांट भारत की प्रमुख बिजली उपकरण निर्माण इकाइयों में से एक है। सीडीएलएसआईईटी के निदेशक-प्राचार्य प्रो. जगदीश कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए विशेष रूप से इसके पीछे के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा बीएचईएल जैसी संस्थाओं का दौरा तकनीकी शिक्षा की नींव है। बीएचईएल से अनुमति लेना आसान नहीं है लेकिन डॉ. विकास गुप्ता के लगातार समन्वय और प्रयासों से हमारे छात्रों को यह दुर्लभ अवसर मिला। मैं इस सफल आयोजन के लिए पूरे मैकेनिकल विभाग को बधाई देता हूं। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. विकास गुप्ता ने प्लेसमेंट के महत्व पर जोर देते हुए कहा बीएचईएल हर मैकेनिकल इंजीनियर की सपनों की कंपनी है। इस दौरे से छात्रों को एक महारत्न पीएसयू में डिजाइन, उत्पादन और गुणवत्ता प्रणालियों की प्रत्यक्ष जानकारी मिली। कैंपस इंटरव्यू में उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए ऐसे और उद्योग-संस्थान संपर्क कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि हमारा उद्देश्य छात्रों को टरबाइन तकनीक, सीएनसी मशीनिंग और आधुनिक निर्माण प्रक्रियाओं को समझाना था।

### श्रवण वाणी नि:शक्त जन कल्याण केंद्र में वितरित की स्टेशनरी



**सिरसा।** श्री राधे निष्काम सेवा मंच के तत्वावधान में श्रवण वाणी नि:शक्त जन कल्याण केंद्र में सभी बच्चों को स्टेशनरी, पेन, रजिस्टर, कापी, पुस्तकें वितरित की गई। केंद्र के सह निर्देशक विपुल कादियान ने बताया कि उनके आग्रह पर सेवा मंच के पदाधिकारियों द्वारा केंद्र के सभी बच्चों को पढ़ने लिखने के लिए पुस्तकें, रजिस्टर व स्टेशनरी वितरित की गई। विपुल ने कहा कि श्री राधे निष्काम सेवा मंच के पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान उनके बच्चों की शिक्षा में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। श्री राधे सेवा मंच के मुख्य प्रेरक समाजसेवी सुमन मित्तल ने बताया कि आज के सेवा प्रकल्प के लिए आर्थिक सहयोग शिक्षाविद सुभाष चंद्र वर्मा व विश्व बंधु गुप्ता, समाजसेवी बाबू राम मित्तल व मुख्य प्रेरक सुमन मित्तल द्वारा दिया गया। सुमन मित्तल ने बच्चों को साफ सफाई रखने, गर्मी के मौसम में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के बारे में अवगत कराया और आश्वस्त किया कि उनकी सभी जरूरतों का ध्यान सेवा मंच द्वारा रखा जाएगा। सुभाष वर्मा व विश्व बंधु गुप्ता ने सभी को अपना ध्यान अध्ययन पर केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया।

# हरियाणा ने बढ़ते तापमान को देखते हुए हेल्थ एडवाइजरी की जारी

### अस्पतालों में विशेष तैयारियां, आमजन से दोपहर में बाहर न निकलने और अधिक पानी पीने की अपील

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़.** हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार ने मौजूदा एवं अनुमानित भीषण गर्मी को देखते हुए विस्तृत सार्वजनिक स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की है। इसका उद्देश्य आमजन को गर्मी से होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रखना तथा सभी स्तरों पर प्रभावी तैयारियां सुनिश्चित करना है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि सामान्य से अधिक तापमान की संभावना को ध्यान में रखते हुए सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और हीट-हेल्थ एक्शन प्लान को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार का मुख्य फोकस तैयारी को सुदृढ़ करने, समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने तथा अत्यधिक गर्मी से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने पर है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली के माध्यम से हीट से संबंधित बीमारियों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग अनिवार्य कर दी गई है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों को समयबद्ध एवं सटीक डेटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही, भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी हीट वेव अलर्ट नियमित रूप से स्वास्थ्य संस्थानों एवं आम जनता तक पहुंचाए जाएंगे, जिससे अग्रिम तैयारी बेहतर हो सके।

राज्य के सभी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आवश्यक दवाइयों, ओआरएस, आईवी फ्लूड, आइस पैक सहित अन्य जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। गंभीर मामलों के उपचार के लिए समर्पित हीटस्ट्रोक प्रबंधन इकाइयां स्थापित की जा रही हैं तथा एम्बुलेंस सेवाओं को त्वरित प्रतिक्रिया के लिए तैयार रखा गया है। 'पहले ठंडा करो, फिर परिवहन करो' (ष्टश्शद्य स्नद्बह्म्ह्ल, ञ्जह्म्ड्डठ्ठह्यश्चशह्म्ह्ल ख्रुह्ल्द्गह्म) की रणनीति को अपनाया जा रहा है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि चिकित्सा अधिकारियों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं फ्रंटलाइन हेल्थ वर्कर्स को हीट से जुड़ी बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। स्वास्थ्य संस्थानों में निर्बाध बिजली आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल, कूलिंग व्यवस्था एवं आपातकालीन तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। साथ ही, फायर सेफ्टी ऑडिट, इलेक्ट्रिकल निरीक्षण एवं मॉक ड्रिल भी नियमित रूप से कराए जा रहे हैं।

एडवाइजरी में आमजन से अपील की गई है कि वे गर्मी से बचाव के लिए सरल लेकिन प्रभावी उपाय अपनाएं। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, ओआरएस या घर पर बने पेय जैसे नींबू पानी, लस्सी एवं ताजे फलों के जूस का सेवन करें। बाहर निकलते समय हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें तथा सिर को ढककर रखें। लोगों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर जाने से बचें और छायादार या हवादार स्थानों में रहें।

एडवाइजरी में शराब, चाय, कॉफी एवं अधिक मीठे या कार्बोनेटेड पेय पदार्थों से परहेज करने की सलाह दी गई है, क्योंकि ये डिहाइड्रेशन का कारण बन सकते हैं। बासी एवं भारी भोजन से बचने तथा बच्चों एवं पालतू जानवरों को पार्क की गई गाड़ियों के अंदर न छोड़े, क्योंकि वहां पर तापमान बढ़ सकता है। डॉ. मिश्रा ने विशेष रूप से शिशुओं, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, बाहरी कार्य करने वाले श्रमिकों तथा पहले से बीमार व्यक्तियों की अतिरिक्त देखभाल पर जोर दिया। परिवारों से अपील की गई है कि वे अकेले रहने वाले बुजुर्गों की नियमित रूप से देखभाल करें और उन्हें ठंडा एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराएं। उन्होंने कार्यस्थलों के लिए जारी निर्देशों में नियोक्ताओं से श्रमिकों के लिए स्वच्छ पेयजल एवं छायादार विश्राम स्थलों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। कार्य का समय सुबह या शाम के ठंडे समय में निर्धारित किया जाए तथा पर्याप्त विश्राम दिया जाए। श्रमिकों को हीट स्ट्रेस के लक्षणों की जानकारी दी जाए और 'बडी सिस्टम' अपनाया जाए, ताकि वे एक-दूसरे की निगरानी कर सकें। इसके साथ ही काम करने वाले स्थानों पर फर्स्ट एड कर सुविधाओं और आपातकालीन रिस्पांस सिस्टम का इंतजाम भी किया जाए। उन्होंने सरकारी एवं निजी आयोजनों के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अत्यधिक गर्मी के दौरान खुले में आयोजन से बचने तथा आवश्यक सुविधाएं जैसे पेयजल, छाया, कूलिंग व्यवस्था एवं चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे इवेंट के दौरान सार्वजनिक घोषणाएं और जागरूकता संदेश दिए जाए ताकि आने वाले लोग जानकरी रखे और सुरक्षित रहें। डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि हरियाणा सरकार जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

### बस क्यू शेल्टर पर नहीं रोकी बस, कंडक्टर पर मनमानी के आरोप

**घरौंडा.** घरौंडा में हरियाणा रोडवेज की बस के कंडक्टर की मनमानी का मामला सामने आया है। बस क्यू शेल्टर पर बस न रोकने को लेकर एक यात्री और कंडक्टर के बीच बहस हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यात्री का आरोप है कि बार-बार कहने के बावजूद बस को निर्धारित स्थान पर नहीं रोका गया। मामले की शिकायत रोडवेज विभाग को दी गई है और कार्रवाई की मांग की गई है।

कैमला गांव के उमेद पाल ने करनाल जीएम को दी शिकायत में बताया कि वह पानीपत में काम करता है और रोजाना पानीपत से घरौंडा आता-जाता है। 26 अप्रैल को उसकी नाइट ड्यूटी थी और 27 की सुबह ड्यूटी खत्म करने के बाद वह करीब सवा छह बजे पानीपत से गुरूग्राम डिपो की बस में सवार हुआ, जो गुरूग्राम से चंडीगढ़ जा रही थी। उमेद ने पहले ही कंडक्टर को बता दिया था कि उसे नए बस स्टैंड की बजाय पुराने बस स्टैंड यानी बस क्यू शेल्टर पर उतरना है। उमेद पाल के अनुसार उसकी टांग में दिक्कत है और वह नए बस स्टैंड से वापस नहीं आ सकता। जब बस घरौंडा बस क्यू शेल्टर के पास पहुंची तो कंडक्टर और ड्राइवर ने बस को नहीं रोका।

### घर पर गोलियां चलाने व परिवार से मारपीट के मामले में एक और आरोपी असले सहित गिरफ्तार




**लाडवा.** लाडवा की संगम मार्कीट में एक परिवार के घर पर गोलियां चलाने व मारपीट मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को असले के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान लक्ष्य राणा निवासी गोंदर जिला करनाल के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में शिव मौहल्ला लाडवा निवासी लड़की ने बताया की 18 मार्च की सायं को वह अपने परिवार के साथ घर मौजूद थी। उसी समय उनका पड़ोसी आदित्य राणा आया और उनको गलियां देने लगा और उसके भाई के साथ मारपीट करके चला गया। उसके बाद करीब सवा 11 बजे दोबारा आदित्य राणा और तुषार पंडित 7/8 लड़कों के साथ उनके घर पर आए और उसके भाई और मौसा के साथ मारपीट करके चले गए। रात के समय करीब 2 बजे आदित्य राणा और तुषार अन्य 7/8 लड़कों के साथ कार में आए और उनके घर के बाहर फायरिंग करके तथा जान से मारने के धमकी देकर मौके से भाग गए। लाडवा पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा लाडवा को दी गई। इस मामले में पुलिस पहले ही मुख्य आरोपी सहित करीब आधा दर्जन से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक प्रतीक कुमार के मार्गनिर्देश मे उप निरीक्षक सुखदेव इ्क्षसह, पी.एस.आई. राहुल, सहायक उप निरीक्षक गिरवर, मुख्य सिपाही विरेंद्र विक्रम व सिपाही कृष्ण की टीम ने संगम मार्कीट लाडवा में गोली चलाने के मामले में आरोपी लक्ष्य राणा निवासी गोंदर जिला करनाल को गिरफ्तार कर लिया।

## एसडीएम ने एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर स्कूली छात्राओं को किया जागरूक

**असंध.** एसडीएम सुमित सिहाग ने मंगलवार को असंध के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान के दृष्टिगत छात्राओं को जागरूक किया। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारियों की टीम भी मौजूद रही।

इस दौरान एसडीएम ने कहा कि भारत सरकार की ओर से 14 व 15 वर्ष की आयु की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की गति को तेज किया जाए और लक्षित शत प्रतिशत लड़कियों का टीकाकरण करवाया जाए। उन्होंने अभिभावको का आह्वान करते हुए कहा कि एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की महत्वता को समझें और सरकार द्वारा लगाए जा रहे निशुल्क टीकाकरण का लाभ उठाएं और अपने बच्चीयों के भविष्य को सुरक्षित रखें।

एसडीएम ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं के मुखिया व अन्य शिक्षक, विशेषकर महिला शिक्षक छात्राओं व उनके अभिभावकों को एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करें और बताए कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अनिवार्य हैं। इस अभियान के सफल आयोजन के लिए प्रशासन को अपना सहयोग दें।

उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि एचपीवी टीकाकरण की भ्रांतियों को दूर करें और सकारात्मक परिणामों के बारे में आमजन को जानकारी दें। अगर कहीं पर कोई दिक्कत सामने आ रही है इस बारे प्रशासन को अवगत करवाएं। उपमंडल प्रशासन द्वारा उसके समाधान के लिए पूरा सहयोग दिया जाएगा। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण इस कार्य में 14 व 15 वर्ष की आयु वर्ग की लड़कियों के लिए अनिवार्य है। इस आयु वर्ग की लड़कियों को जब ये टीकाकरण हो जाएगा तो वे इस घातक बीमारी से बच सकेंगी। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. समीर , प्रधानाचार्य अजमेर सिंह सिंधु, प्राध्यापक डॉ. भूपेंद्र सिंह, राजेंद्र वर्मा, डॉ. शीशन पाल , तिलकराज, गुरचरण सिंह, एएनएम सुशीला पांचाल , मनजीत , आशा वर्कर ममता सहित अन्य मौजूद रहे।

एसडीएम सुमित सिहाग ने मंगलवार को असंध के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान के दृष्टिगत छात्राओं को जागरूक किया। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारियों की टीम भी मौजूद रही। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि भारत सरकार की ओर से 14 व 15 वर्ष की आयु की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की गति को तेज किया जाए और लक्षित शत प्रतिशत लड़कियों का टीकाकरण करवाया जाए। उन्होंने अभिभावको का आह्वान करते हुए कहा कि एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की महत्वता को समझें और सरकार द्वारा लगाए जा रहे निशुल्क टीकाकरण का लाभ उठाएं और अपने बच्चीयों के भविष्य को सुरक्षित रखें। एसडीएम ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं के मुखिया व अन्य शिक्षक, विशेषकर महिला शिक्षक छात्राओं व उनके अभिभावकों को एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करें।

## जनगणना महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य, प्राचार्य व शिक्षक करें विद्यार्थियों को भी प्रेरित: कौशिक

**कुरुक्षेत्र.** जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया को सफल बनाने हेतु जिले के सभी विद्यालय प्राचार्यों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। यह जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसमें शिक्षा विभाग की भूमिका अत्यंत अहम है। सभी विद्यालय प्राचार्य यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिक्षक, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करें।

जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने निर्देशित किया कि विद्यालय स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाएं। प्राचार्य अपने स्टाफ के माध्यम से विद्यार्थियों को स्व-गणना की पूरी प्रक्रिया समझाएं तथा उन्हें प्रेरित करें कि वे अपने घरों में अभिभावकों को भी इसके लिए जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक पहले स्वयं स्व-गणना पूर्ण करें, ताकि वे विद्यार्थियों को सही एवं प्रभावी मार्गदर्शन दे सकें। विद्यालयों में प्रार्थना सभा, कक्षा गतिविधियों एवं अभिभावक बैठकों के माध्यम से इस विषय को प्रमुखता से उठाया जाए। विनोद कौशिक ने बताया कि स्व-गणना एक सरल, सुरक्षित एवं समय बचाने वाली ऑनलाइन प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी एवं अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। इससे जनगणना कार्य अधिक पारदर्शी, स्टीक एवं सुगम बनेगा।

## एसडीएम आकाश शर्मा ने टोहाना-बलियावाला रोड व स्विमिंग पूल निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

**टोहाना.** क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम आकाश शर्मा ने मंगलवार को टोहाना से बलियावाला तक निर्माणाधीन सड़क तथा बलियावाला हेड पर बन रहे अत्याधुनिक स्विमिंग पूल का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने टोहाना-बलियावाला रोड के निर्माण कार्य का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने मौके पर ही सड़क की परत, निर्माण सामग्री और तकनीकी मानकों की जांच की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में आधुनिक तकनीकों का उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि सड़क लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे। उन्होंने कहा कि मजबूत और गुणवत्तापूर्ण सड़कें न केवल आवागमन को सुगम बनाती हैं, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति देती हैं। इसके बाद एसडीएम आकाश शर्मा ने बलियावाला हेड पर निर्माणाधीन स्विमिंग पूल का निरीक्षण किया। उप मंडल अधिकारी ने देखा कि लोका अर्पण होने से पहले ही सरकार के लगाए हुए करोड़ों रुपए झरझर अवस्था कंडम हो चुके हैं उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से पूल की डिजाइन, जल निकासी व्यवस्था और प्रस्तावित सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए तथा सुरक्षा मानकों और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए।

एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से निर्माण स्थलों का निरीक्षण करें और प्रत्येक स्तर पर निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करें।

### मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है : वधवा

**भिवानी.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम के तहत देश को संबोधित किया गया, जिसे स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी सुना। उनका यह रेडियो कार्यक्रम सुबह 11 बजे से ऑल इंडिया रेडियो, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो न्यूज और मोबाइल एप पर प्रसारित किया गया। भाजपा के पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रमुख रीतिक वधवा ने बूथ संख्या 104 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना । मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद भाजपा के पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रमुख रीतिक वधवा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे विकासोन्मुखी बताया और कहा कि यह कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों की सराहना की। उन्होंने इस एपिसोड को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणादायी यात्रा बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम न केवल संवाद है, बल्कि समाज के प्रति कर्तव्यों का बोध कराता है। उन्होंने पीएम मोदी द्वारा कलपक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की क्रिटिकलिटी उपलब्धि का जिक्र करने की सराहना की, जिससे भारत की परमाणु क्षमता बढ़ी है। उन्होंने पीएम मोदी द्वारा विंड एनर्जी (पवन ऊर्जा) में भारत की प्रगति को साझा करने पर खुशी जताई, जिसमें भारत दुनिया की चौथी बड़ी ताकत बना है।

## फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों की हड़ताल लगातार 19वे दिन भी जारी, विधायकों को सौंपे ज्ञापन

### दमकल कर्मियों की मांगों को अनसुना कर रही है सरकार, 27 से क्रमिक भूख हड़ताल शुरू

पंचकूला ऑब्जर्वर

**भिवानी.** हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर लगातार 8 अप्रैल से जारी राज्यव्यापी हड़ताल 19वे दिन में प्रवेश कर गई। भिवानी दमकल केंद्र पर चल रहे धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान अजय श्योराण ने की व संचालन सचिव नरेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर धरने को संबोधित करते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम दानव ने सरकार को चेतावनी दी यदि सरकार ने समय रहते फायर कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा भी 27 व 28 अप्रैल को फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के साथ क्रमिक भूख हड़ताल करेगा और एक व दो मई को नगर पालिका के कर्मचारी भी काम बंद हड़ताल करेंगे। जिसकी ज़िम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी। इस मौके पर पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान सुमेर सिंह आर्य, भिवानी ब्लॉक के प्रधान अशोक कुमार गोयत, बवानीखेड़ा के प्रधान चांदराम, सुशील कुमार, लोहारू ब्लॉक के प्रधान सुरेश भारद्वाज, नरेंद्र सिंह, उमेश राठी अभिषेक, नवीन कुमार, पटवार एवं क़ानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान सुमेर सिंह, विक्रांत व हरिकेश ने धरने को सम्बोधित किया ।


कर्मचारी नेताओं ने सरकार पर मांगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए आंदोलन को और तेज करने का ऐलान किया। राज्य कमेटी के निर्णय अनुसार 22 अप्रैल से 25 अप्रैल तक विधायकों और मंत्रियों को ज्ञापन दिए जाने के तहत बवानीखेड़ा के विधायक कपूर वाल्मीकि, दादरी के विधायक सुनील सांगवान, बाढ ?ा के विधायक उमेद पातुवास, लोहारू के विधायक राजबीर फरटिया को प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र ही मांगों का समाधान नहीं किया तो फायर व नगर पालिका के कर्मचारी 27 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल शुरू करेंगे। गौरतलब होगा कि फरीदाबाद में ड्यूटी के दौरान जान गवाने वाले कच्चे कर्मचारियों भवी चंद शर्मा और रणवीर सिंह को शहीद का दर्जा देने, आश्रितों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने और परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी देने, भविष्य के लिए स्थाई सुरक्षा नीति, रैगुलर कर्मचारियों को ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में राहत प्रदान करने व कच्चे कर्मचारियों को फायर ऑपरेटर पदो पर समायोजित करने, जोखिम भत्ता देने, वर्दी भत्ता देने आदि प्रमुख मांगों पर सरकार अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं ले पाई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्दी समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

सर्व कर्मचारी संघ द्वारा भी इस आंदोलन को समर्थन दिया जा रहा है। किसान संगठनों, छात्र संगठनों, मजदूर यूनियन व राजनैतिक संगठनों द्वारा भी इस आंदोलन को समर्थन दिया जा रहा। इधर भीषण गर्मी के चलते प्रदेश में आगजनी की घटनाएँ लगातार बढ़ रही है। ऐसे में दमकल क्रमियो की हड़ताल से आपात सेवाये प्रभावित होने की आशंका गहराने लगी है जिससे आमजन की जान माल को खतरा बढ़ सकता है।

### बामला गांव की गरिमा पर आंच, पंचायत में दिग्विजय चौटाला पर बरसे ग्रामीण

**भिवानी.** गांव बामला में रविवार को पंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला के खिलाफ कड़ा रूख अपनाया। विवाद की जड़ दिग्विजय का वह बयान है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भिवानी दौरे के दौरान कुछ संदिग्ध गाडियां उनका पीछा कर रही थीं, जो वीडियो बनाने पर बामला गांव की ओर भाग गईं। पंचायत में ग्रामीणों का कहना है कि दिग्विजय चौटाला ने बिना किसी तथ्य के गांव का नाम लेकर इसकी छवि खराब करने की कोशिश की है। यह पूरा विवाद हिसार में दुष्यंत चौटाला और पुलिस के बीच हुई झड़प से जुड़ा है। जजपा ने इस घटना के विरोध में 27 अप्रैल को हिसार में महापंचायत बुलाई है। इसी महापंचायत का न्यौता देने के लिए दिग्विजय चौटाला 23 अप्रैल को भिवानी पहुंचे थे, जहां उन्होंने कुछ गाडियों द्वारा उनका पीछा किए जाने का आरोप लगाया है। इस मामले में रविवार को गांव बामला में पंचायत हुई। पंचातय में बोलते हुए सुधीर पहलवान व जिला पार्षद रूपेंद्र ग्रेवाल ने कहा कि दिग्विजय चौटाला के आरोपों के बाद हमने गांव के सभी सीसीटीवी कैमरे खंगाल लिए हैं। किसी भी गाड़ी ने दिग्विजय चौटाला का पीछा नहीं किया।

# स्वस्थ जीवन का आधार 'भद्रासन', जानें इसके फायदे



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव और शरीरिक थकान एक आम समस्या है। ऐसे में योग और संतुलित आहार लेने से स्वास्थ्य ठीक रहता है। इन्हीं में से भद्रासन आधुनिक जीवनशैली के लिए प्रभावी समाधानों में से एक है। यह योग शुरुआती योगासन का सबसे महत्वपूर्ण योगासन है, जिसके 5–10 मिनट अभ्यास करने से मन शांत जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। भद्रासन योग को अंग्रेजी में ग्रेसिआॅस पोज भी कहा जाता हैं। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अनुसार, भद्रासन एक अत्यंत लाभकारी और स्थिर योगासन है, जिसके नियमित अभ्यास से एकाग्रता बढ़ती है। इसे करने के दौरान शरीर की मुद्रा कुछ इस प्रकार होती है कि रीढ़ की हड्डी सीधी रहती है और निचले हिस्से में खिंचाव आता है, जिससे शरीर प्राणायाम और गहरे ध्यान के लिए तैयार हो जाता है। यह आसन महिलाओं के लिए फायदेमंद माना जाता है। योग विशेषज्ञों का मानना है कि इसके नियमित अभ्यास से मासिक धर्म के दर्द और असहजता से राहत दिलाने में मदद मिल सकती है। साथ ही, गर्भावस्था के दौरान भी, विशेषज्ञों की देखरेख में, लाभप्रद हो सकता है। इस आसन का अभ्यास करना बेहद आसान है। इसे करने के लिए सबसे पहले दोनों पैरों को सामने की ओर सीधा फैलाकर, पीठ व कमर सीधा रखते हुए बैठें। इसके बाद दोनों हथेलियों को नितंब के पास जमीन पर रखें। अब दोनों पैरों के तलवे पास ले आएं। फिर श्वास भरते हुए पैरों के पंजे हाथों से पकड़ लें। इसके बाद श्वास भरते हुए एड़ियों को मूलधारा क्षेत्र के जितना संभव हो, नजदीक लाएं। इस अवस्था में 10 से 30 सेकेंड तक रुकें। फिर सामान्य रूप से श्वास लेते रहें। यह आसन करने में काफी आसान है, लेकिन शुरुआत में इसके करने में बहुत यादा जोर न लगाएं, धीरे-धीरे अभ्यास बढ़ाएं। गठिया या घुटने के गंभीर दर्द से पीड़ति लोगों को इस आसन से बचना चाहिए। साथ ही, गर्भवती महिलाओं को यह आसन करने से पहले योगाचार्य से परामर्श लेना चाहिए।





# 'किंग' के बाद 'जवान' के सीक्वल पर काम शुरू कर सकते हैं शाहरुख

**बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान जल्द ही अपनी नई फिल्म 'किंग' के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने वाले हैं। फिलहाल फिल्म की शूटिंग जारी है, लेकिन इससे पहले उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि एक्टर अपनी सुपरहिट मूवी के सीक्वल में नजर आएंगे।**

शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' के बाद एक और बड़े प्रोजेक्ट की तैयारी में लग सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख खान फिलहाल अपनी फिल्म 'किंग' पर फोकस कर रहे हैं, जो एक बड़े बजट की एक्शन फिल्म बताई जा रही है और 2026 में रिलीज हो सकती है। लेकिन इसी बीच खबर है कि 'किंग' के बाद वह अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' के सीक्वल यानी 'जवान 2' पर काम शुरू कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, इस फिल्म की स्क्रिप्ट लगभग तैयार है और मेकर्स इसे आगे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, अभी तक इसको लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इससे पहले भी 'जवान 2' को लेकर कई तरह की खबरें सामने आ चुकी हैं, लेकिन फिल्म के डायरेक्टर की तरफ से भी कोई कन्फर्मेशन नहीं दिया गया था। कहीं न कहीं इस खबर से फैंस की एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है।

## 'किंग' फिल्म के बारे में

शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी। ये एक एक्शन पैक फिल्म होने वाली है। इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, सुहाना खान, अनिल कपूर, अभय वर्मा और अरशद वारसी जैसे बड़े सितारे नजर आ सकते हैं।



# क्या अल्लू अर्जुन की 'राका' से कम हुआ दीपिका का रोल? मेकर्स ने बताई सच्चाई

**अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' रिलीज होते ही चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में फिल्म का फर्स्ट लुक जारी हुआ, जिसके बाद फिल्म को लेकर लोगों की उत्सुकता और भी बढ़ गई। हालांकि, बीच में ऐसी खबरें भी आईं फिल्म में दीपिका पादुकोण की भूमिका अब छोटी कर दी गई है। इन दावों पर अब खुद 'राका' के मेकर्स की प्रतिक्रिया सामने आई है।**

## फिल्म की टीम ने खबरों को बताया अफवाह

दीपिका पादुकोण के दूसरी प्रेग्नेंसी घोषित करने के बाद ऐसी खबरें आईं कि अब फिल्म से दीपिका की भूमिका छोटी की जा सकती है। अब 'राका' के प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों ने इन दावों को पूरी तरह निराधार बताया है। फिल्म की टीम ने पुष्टि की, 'सब कुछ योजना के अनुसार चल रहा है। दीपिका पादुकोण 'राका' में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और शूटिंग पूरे जोश के साथ सुचारू रूप से चल रही है।'


## प्रेग्नेंसी की घोषणा के बाद काम पर लौटीं दीपिका

हाल ही में मीडिया रिपोर्टों में यह भी बताया गया कि दीपिका अपनी दूसरी गर्भावस्था के बावजूद काम से ब्रेक लेने के मूड में नहीं हैं। दीपिका ने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी घोषित करने के बाद काम फिर से शुरू कर दिया है। वह अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' के लिए कुछ एक्शन से भरपूर सीन की शूटिंग करेंगी, जिसमें सभी एहतियाती उपाय किए जा रहे हैं। एटली द्वारा निर्देशित यह फिल्म फिलहाल तय कार्यक्रम के अनुसार चल रही है। फिल्म तय समय-सीमा के अनुसार ही आगे बढ़ रही है।

## शाहरुख के साथ नजर आएंगी दीपिका

वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका के पास 'राका' के अलावा शाहरुख खान के साथ 'किंग' फिल्म भी है। इसमें उनके अलावा एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। जिसमें शाहरुख की बेटी सुहाना खान, जयदीप अहलावत, जैकी श्रॉफ, रानी मुखर्जी, अरशद वारसी और अभिषेक बच्चन समेत कई कलाकारों के नाम शामिल हैं। दीपिका आखिरी बार 'सिंघम अगेन' में नजर आई थीं। इस बीच पिछले साल वो 'स्पिरिट' और 'कल्कि 2' जैसी फिल्मों से बाहर होने के चलते चर्चाओं में रही थीं।

# 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून इंडिया' के फिनाले में इमोशनल हुए अक्षय



अक्षय कुमार का रियलिटी गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून इंडिया' 27 अप्रैल को ग्रैंड फिनाले के साथ खत्म होने जा रहा है, जिसमें फराह खान, जैकलीन फर्नांडिस और भूमि पेडनेकर नजर आएंगी।

## अक्षय को टीम ने दिया खास ट्रिब्यूट

शो की ओर से एपिसोड का प्रोमो शेयर किया गया। प्रोमो की शुरुआत में ढेर सारी मस्ती देखने को मिलती है। लेकिन शो का तब इमोशनल हो जाता है, जब भूमि पेडनेकर बताती हैं कि शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून इंडिया' की टीम ने अक्षय के लिए एक खास ट्रिब्यूट तैयार किया है। इस वीडियो मोंटाज में शो के कई यादगार पल दिखाए जाते हैं, साथ ही एक दिल छू लेने वाला मैसेज सुनाई देता है- 'कल से ये मंच नहीं होगा, लेकिन आपकी मुस्कुराहट याद रहेगी, आपकी शरारतें, नादानियां और शैतानियां याद रहेंगी... आप याद रहेंगे।' यह ट्रिब्यूट देखकर अक्षय कुमार की आंखों में आंसू आ गए। प्रोमो में वो अपने आंसू छुपाने के लिए फराह खान के पीछे जाते नजर आते हैं। अपने इस सफर को याद करते हुए अक्षय बताते हैं कि शो के 65 एपिसोड पूरे हो चुके हैं, जिसमें करीब 200 कंटेस्टेंट्स ने हिस्सा लिया।



# सोशल मीडिया से परेशान हुए पार्थ समथान, उठाया यह बड़ा कदम

टीवी के मशहूर अभिनेता पार्थ समथान अपने बेहतरीन अभिनय के साथ ही अपनी दमदार पर्सनैलिटी के लिए जाने जाते हैं। लेकिन हाल ही में न जाने ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने सोशल मीडिया से दूर रहने का फैसला कर लिया है। उनके इस फैसले ने हर किसी को हैरान कर दिया है। जानिए क्या है पूरा मामला?

## पार्थ समथान ने सोशल मीडिया से क्यों बनाई दूरी?

दरअसल, पार्थ अपने परिवार और खुद पर होने वाले ट्रोलिंग से बहुत परेशान हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा कि कुछ लोग नकली अकाउंट्स खरीदकर उनके और उनके परिवार की निजी जिंदगी पर गलत कमेंट्स कर रहे हैं।

'मुझे बहुत गुस्सा आ रहा है'

पार्थ ने कहा, 'मैं शांत और पॉजिटिव इंसान हूं, लेकिन यह सब देखकर मुझे बहुत गुस्सा आ रहा है। मुझे लगता है कि मैं जानता हूं कि यह सब कौन कर रहा है, लेकिन नाम लेना बेकार है।' उन्होंने आगे लिखा कि अब वह साइबर क्राइम में शिकायत करने में समय बर्बाद नहीं करेंगे। बल्कि अपनी जिंदगी और काम पर ध्यान देंगे।

## कौन हैं पार्थ समथान?

पार्थ समथान एक प्रसिद्ध भारतीय टेलीविजन अभिनेता और मॉडल हैं। उन्होंने 'गुमराह' और 'बेस्ट फ्रेंड्स फॉरएवर?' जैसे शो से अपना करियर शुरू किया था। फिलहाल, पार्थ समथान टीवी शो 'सहर होने को है' में 'माहिद' का किरदार निभा रहे हैं। इस शो में उनके साथ माही विज, ऋषिता सिंह और कनिका माहेश्वरी भी काम कर रही हैं। पार्थ को 'कसौटी जिंदगी की 2' और 'कैसी ये यारियां' जैसे शोज से बहुत पॉपुलैरिटी मिली थी।



# मुझे पैपराजी से बात करना अच्छा लगता है

अभिनेत्री सोनम बाजवा इन दिनों अपनी आगामी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'पिट सियापा' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में सोनम प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में सोनम ने पैपराजी के साथ अपने रिश्ते को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि जब पैप्स उनसे फोटोज के लिए कहते हैं, तो उनका रिएक्शन कैसा होता है?

बातचीत में सोनम बाजवा ने कहा कि जब पैपराजी उनसे फोटो के लिए कहते हैं, तो समझ ही नहीं आता कि कैसे रिएक्ट करें। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं जोर से हंसती हूं। मुझे नहीं पता कि पैपराजी के सामने क्या करना है। वे सैलून के बाहर भी इंतजार कर रहे होते हैं। मैं उन्हें मना नहीं कर सकती। लेकिन मुझे बहुत शर्म आती है, मुझे नहीं पता कि अगर मैं अभी-अभी सैलून से निकली हूं तो उनके सामने कैसे पोज दूं। वैसे पैपराजी बहुत कूल हैं। वे आपको इतना हंसाते हैं। मुझे लगता है कि लोग सोचेंगे, यह पैपराजी के सामने क्यों हंसती रहती है? मुझे उनसे बात करने में बहुत मजा आता है। मुझे उनसे कभी-कभार मिलना अच्छा लगता है।

हालांकि, एक्ट्रेस ने ये भी कहा कि कभी-कभी पैपराजी प्राइवेसी वाली जगहों पर भी पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन कभी-कभी, आप अभी-अभी सोकर उठे होते हैं। आपने एक कप कॉफी भी नहीं पी होती। आपको जिम के लिए देरी हो रही होती है। जैसे ही आप जिम पहुंचते हैं, आपको पैपराजी दिख जाते हैं। आपका चेहरा सूजा हुआ होता है। हो सकता है कि आप पिछली रात से सोए न हों। आपने पर्याप्त पानी भी नहीं पिया हो। लेकिन पैपराजी आपका इंतजार कर रहे होते हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि मुंबई में पैपराजी कल्चर कितनी गहराई से जड़ जमा चुकी है। हर कोई सतर्क हो जाता है। सोचिए अगर मैं आपको जागने के 30 मिनट के अंदर ही पकड़ लूं। आपको अच्छा नहीं लगेगा। तो ऐसा होता है। लेकिन मुझे लगता है कि यह हमारे काम का हिस्सा है। अब यह कल्चर स्थापित हो चुका है। मुंबई में पैपराजी का कल्चर बन चुका है। इसलिए, मैं हमेशा खुद से कहती हूं हमेशा तैयार रहो कि पैपराजी वहां होंगे। चाहे आप कहीं भी जा रहे हों।

वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनम बाजवा अगली बार रूपिंदर चहल द्वारा निर्देशित आगामी पंजाबी कॉमेडी-ड्रामा 'पिट सियापा' में नजर आएंगी। 1 मई को रिलीज होने वाली इस फिल्म में सोनम बाजवा के साथ परमवीर सिंह चीमा भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। कहानी निम्मी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार सोनम निभा रही हैं।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com